# <u>मूरख ना बने</u>

आज कभी जाता नहीं कल कभी आता नहीं

नहीं का यह सिलसिला खत्म कभी होता नहीं

इसलिए इंसान ने वक्त को बांधा बंधन में

जाने वाली आज की घड़ी दोबारा आती है

अगर आज बीत गया ना समझी में तो

आने वाले कल का करो इस्तेमाल काम को

जाने वाले जाते हैं आने वाले आते हैं

सोचते ना बैठो काम करो भाई काम करो

जाने वाली आज की घड़ी शायद दोबारा आएगी

लेकिन गया हुआ मौका फिर नहीं आएगा

इसलिए करो इंतजार आने वाले मौके का

मौका हाथसे जाने न पाए उससे ले अपना फायदा

मौका जो हाथ से गया फिर बहुत पछताओगे

मूरख बनके रहोगे इस भरी दुनिया में